माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल
ई-मेल : mpbse@mp.nic.in वेब साइट : www.mpbse.nic.in
☎ : कार्या:- (0755) 2551650

क्रमांक 2528 /प.स./2022 भोपाल दिनांक 26 / 8 /2022

प्रति,

समस्त प्राचार्य,
मण्डल से मान्यता/संबंद्धता प्राप्त शासकीय/अशासकीय संस्थाएँ
मध्यप्रदेश।

विषय- शैक्षणिक सत्र 2021-22 में अध्ययनरत कक्षा 9वीं से 12वीं तक के त्रै-मासिक, छःमाही, प्री-बोर्ड एवं मुख्य परीक्षा के अंकों की ऑनलाइन प्रविष्टि करने के संबंध में।

संदर्भ- 1-मण्डल का पत्र क्रमांक/2136-37/प.स./2021, दिनांक 09.09.2021।
2-मण्डल का पत्र क्रमांक/2194-95/प.स./2021, दिनांक 24.11.2021।
3-मण्डल का पत्र क्रमांक/2206-07/प.स./2021, दिनांक 17.12.2021।
4- मण्डल का पत्र क्रमांक/2442-43/प.स./2022, दिनांक 13.05.2022।

--00--

शैक्षणिक सत्र 2021-22 की त्रै-मासिक, छःमाही, प्री-बोर्ड एवं मुख्य परीक्षा के अंकों की ऑनलाइन प्रविष्टि करने हेतु मण्डल द्वारा संदर्भित पत्र जारी कर कक्षा 9वीं से 12वीं के ऑनलाइन अंको की प्रविष्टि करने की सुविधा प्रदान की गई थी। प्रदेश में कतिपय संस्था प्राचार्यो ने अंकों की ऑनलाइन प्रविष्टि नही की है, जिसके कारण वर्ष 2022-23 हेतु हाईस्कूल/हायर सेकण्डरी परीक्षा के परीक्षा आवेदन ऑनलाइन नही भर पा रहे है।

2- चूँकि कक्षा 9वीं से 12वीं तक के अंको की ऑनलाईन प्रविष्टि हेतु प्रक्रिया मण्डल द्वारा प्रथम बार की गई है। अतः छात्र हित को दृष्टिगत रखते हुये इस वर्ष शिथिलता प्रदान की जाती है। संस्थाएं सीधे परीक्षा फार्म भर सकेगी।

3- सत्र 2022-23 से समस्त संस्थायें अनिवार्यतः कक्षा 9वीं से 12वीं तक के त्रै-मासिक, छःमाही प्री-बोर्ड एवं मुख्य परीक्षा के अंकों की ऑनलाइन प्रविष्टि कराना सुनिश्चित करें। किसी भी स्थिति में आगामी सत्र में पूर्ववर्त्ती कक्षा के अंकों के अभाव में अगली कक्षा के (10वीं एवं 12वीं) नियमित छात्रों के परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

सचिव
माध्यमिक शिक्षा मण्डल,
मध्यप्रदेश,भोपाल

पृष्ठांकक्रमांक/2529/प.स./2022 भोपाल, दिनांकः 26 / 8 /2022

1- समस्त-जिला शिक्षा अधिकारी, मध्यप्रदेश।
2- समस्त-प्राचार्य जिला समन्वयक संस्थायें, मध्यप्रदेश।
3- आंचलिक/समस्त-संभागीय अधिकारी, संभागीय कार्यालय, माध्यमिक शिक्षा मण्डल म.प्र.।
4- सी.एस.ओ./जनसम्पर्क अधिकारी/पंजीयक परीक्षा/विधि सलाहकार/समस्त स.स./क.अ./समकक्ष अधिकारी/लोक सूचना/सुरक्षा अधिकारी, मा.शि.म.भोपाल।
5- नि.स.-अध्यक्ष/उपाध्यक्ष/सचिव/अतिरिक्त सचिव/उपसचिव/परीक्षा नियंत्रक/वित्ताधिकारी, मा.शि.मं.म.प्र।

सचिव
माध्यमिक शिक्षा मण्डल,
मध्यप्रदेश, भोपाल